# Daily Current Affairs

Date : 15 September, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह, 2025 |
| 2. | 58वें इंजीनियर दिवस का राज्य स्तरीय समारोह, 2025 |
| 3. | गौ कृषि जीवन अभियान |
| 4. | सेवा पर्व पखवाड़ा |
| 5. | राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट, 2025 (RDTM) |
| 6. | राजस्थान में मातृ मृत्य दर |
| 7. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. देश का पहला सरकारी कॉस्मेटिक लेजर इंस्टीट्यूट<br>2. मोनिका<br>3. अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन, 2025<br>4. राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज<br>5. डिलिवरिंग इंस्टेंट जस्टिस पुस्तक |
| 8. | कौशल महोत्सव, 2025 |
| 9. | पर्पल फेस्ट, 2025 |
| 10. | रूस: कामचटका प्रायद्वीप: चर्चित स्थान |
| 11. | बाघों के स्थानांतरण को मंजूरी |
| 12. | भारत की गैर-जीवाश्म क्षमता |
| 13. | 'ज्ञान भारतम पोर्टल' |
| 14. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. बैराबी-सैरांग रेल लिंक<br>2. न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन<br>3. एम-किसान (m-Kisan)<br>4. भारतीय तटरक्षक बल |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह, 2025

### चर्चा में क्यों?

- **14 सितंबर, 2025 को राज्य स्तरीय हिंदी दिवस समारोह, 2025 का आयोजन SMS चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ।**




### मुख्य बिन्दु:

- **समारोह के मुख्य वक्ता यूनिवर्सल एम्बेसडर आइकैन डॉ. बालेन्दु शर्मा दाधीच ने हिंदी के प्रचार-प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात् आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का उपयोग और उसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की।**
- **कार्यक्रम में वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स लंदन द्वारा राज्य के शिक्षा विभाग को 5 दुर्लभ प्रजातियों के 17 लाख से अधिक पेड़ लगाने पर प्रमाण पत्र भी दिया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### हिंदी सेवा पुरस्कार :

| श्रेणी | लेखक | साहित्य |
|---|---|---|
| कथा | कृष्ण कुमार कुमावत | उपन्यास 'लक्ष्य' |
| कथेतर | डॉ. मूलचन्द बोहरा | शैक्षिक निबन्ध संग्रह 'समझ गए ना!' |
| संविधान एवं विधि | संयुक्त रूप से डॉ. अनुपम चतुर्वेदी एवं डॉ. दीप्ति चतुर्वेदी | 'भारतीय राजनीतिक व्यवस्था' |
| विज्ञान तकनीकी एवं अभियांत्रिकी | प्रो. पूर्णेन्दु घोष | 'वैज्ञानिक विचार द्वीपों के बीच सामाजिक काव्य पुलो का निर्माण' |
| चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य (भारतीय चिकित्सा पद्धति) | डॉ. हिमांशु भाटिया | 'सेरेब्रल पाल्सी: व्यथा, कथा एवं कानून' |
| कला, संस्कृति एवं पर्यटन | डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी | यात्रा वृतान्त 'ओकुहेपा' |
| दर्शन, योग एवं अध्यात्म | मनोज गट्टानी | 'मन सनातन' |
| जनसंचार, पत्रकारिता एवं सिनेमा | संयुक्त रूप से डॉ. विजय विप्लवी व डॉ. कुंजन आचार्य | 'पत्रकार दीनदयाल उपाध्याय' |

- उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक परीक्षा में हिंदी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 342 विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

| दिवस | विश्व हिंदी दिवस | राष्ट्रीय हिंदी दिवस |
|---|---|---|
| तिथि | 10 जनवरी | 14 सितंबर |
| कारण | वर्ष 1975 में इसी दिन पहला विश्व हिंदी सम्मेलन नागपुर में आयोजित हुआ था। | 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में अपनाया |
| औपचारिक शुरुआत | 10 जनवरी, 2006 | 14 सितंबर, 1953 |
| 2025 की थीम | "एक वैश्विक आवाज जो एकता और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक हो। (A Global Voice of Unity and Cultural Pride)" | "हिंदी: राष्ट्रीय एकता और वैश्विक पहचान की ताकत" |
| अन्य विवरण | वर्ष 1949 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में हिंदी बोली गई थी। | भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार, केंद्र सरकार का कार्य हिंदी में (देवनागरी लिपि में) किया जाएगा।<br>अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के बाद हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है,<br>हिंदी नेपाल, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, दक्षिण अफ्रीका और यूएई जैसे देशों में भी बोली और समझी जाती है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 58वें इंजीनियर दिवस का राज्य स्तरीय समारोह, 2025




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 14 सितम्बर, 2025 को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।
- **आयोजक :** इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग (इंडिया) एवं द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।
- इस समारोह में विहान मैगजीन का विमोचन किया गया।
- द अलवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के भवन में कौशल विकास कार्य हेतु इंडस्ट्रीज एक्सीलेंस भवन के लिए विधायक निधि कोष से 10 रुपये देने की घोषणा की।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गौ कृषि जीवन अभियान

## चर्चा में क्यों?

- 14 सितम्बर, 2025 को जालोर जिले के सांचौर शहर स्थित शिवशक्ति नगर में हरियालो राजस्थान व एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान गौ कृषि जीवन अभियान का शुभारंभ किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- **कार्यक्रम का आयोजक :** के.बी. राव सेवा संस्थान।
- **अभियान का उद्देश्य :** नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा और जैविक कृषि का एकीकरण करना।
- **अभियान का उद्घाटन :** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना :

- प्रदेश के पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुये उनके अमूल्य पशुधन का बीमा कर पशुपालकों को वित्तीय सुरक्षा/आर्थिक सुदृढ़िकरण प्रदान करने के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में घोषणा की गई। योजना अनुसार प्रदेश में प्रथमत: 5-5 लाख दुधारू गाय/भैंस, 5-5 लाख भेड़/बकरी तथा 1 लाख उष्ट्र वंषीय पशु (ऊंट) का बीमा करते हुये बीमा कवरेज प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना में 400 करोड़ रुपये का व्यय होगा।
- **योजना के लाभ :** राज्य के गाय, भेस, भेड़, बकरी व ऊँट पालक पशुपालक परिवारों के पशुधन का रिस्क कवर होगा एवं पशुओं की आकस्मिक मृत्यु पर पशुपालक परिवारों को आर्थिक सम्बल प्रदान होगा।

### संबल राशि :

| पशु का प्रकार | बीमा हेतु पशु का मूल्य निर्धारण हेतु मानक |
|---|---|
| गाय (दुधारू) | रु. 3000 प्रति लीटर प्रति दिन के आधार पर न्यूनतम कीमत का निर्धारण किया जावेगा, अधिकतम राशि 40,000/- प्रति पशु |
| भैस (दुधारू) | रु. 4000 प्रति लीटर प्रति दिन के आधार पर न्यूनतम कीमत का निर्धारण किया जावेगा, अधिकतम राशि 40,000/- प्रति पशु |
| बकरी (मादा) | अधिकतम राशि रु. 4000 प्रति पशु |
| भेड़ (मादा) | अधिकतम राशि रु. 4000 प्रति पशु |
| ऊंट (नर एवं मादा) | अधिकतम राशि रू 40,000 प्रति पशु |

### 20 वीं पशु गणना में गोवंश की स्थिति :

- राजस्थान में कुल पशुधन 56.8 मिलियन है। (1.66% की कमी)।
- गोवंश 4.41% की वृद्धि के साथ राजस्थान का देश में छठा स्थान हैं।
- 21वीं पशुधन गणना 25 अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक सम्पूर्ण भारत में आयोजित की गई, इसमें पालतू पशुओं की 15 प्रजातियों की गणना शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सेवा पर्व पखवाड़ा

**मुख्य बिन्दु:**

- 17 सितंबर, 2025 को ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- इन शिविरों में वार्डवार कैंप लगाकर प्राप्त आवेदनों और समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।
- **सेवा पर्व पखवाड़ा का आरंभ :** 17 सितम्बर, 2025
- **अवधि :** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक।

**पखवाड़े के दौरान विभागवार गतिविधियां संचालित :**

| कार्य | उत्तरदायी विभाग |
|---|---|
| पालनहार एवं कन्यादान योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना | सामाजिक न्याय विभाग |
| मातृ वंदना योजना | महिला एवं बाल विकास विभाग |
| औजार सहायता योजना तथा आपदा प्रबंधन विभाग जनहानि/पशुहानि निस्तारण से संबंधित कार्य | श्रम विभाग |
| जलभराव निकासी एवं बांधों की मरम्मत का कार्य | जल संसाधन विभाग |
| स्वामित्व योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से संबंधित कार्य | पंचायती राज विभाग |
| वृक्षारोपण का कार्य | वन विभाग |
| स्क्रीनिंग, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ एवं टीबी उन्मूलन जैसे कार्यक्रम | चिकित्सा विभाग |
| पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, पशुओं का टीकाकरण एवं बीमा योजना लागू करना। | पशुपालन विभाग |
| बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण | ऊर्जा विभाग |
| किसान गिरदावरी एप का प्रचार, ऑनलाइन पोर्टल पर लंबित नामंतरण प्रकरणों का निस्तारण | राजस्व विभाग |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट, 2025 (RDTM)

## चर्चा में क्यों?

- 12 से 14 सितंबर, 2025 तक राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (RDTM) का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- **संस्करण :** पाँचवाँ
- **आयोजक :** 'फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (FHTR)' और 'राजस्थान पर्यटन विभाग' के संयुक्त तत्वावधान में।
- **आयोजन स्थल :** B.M. बिड़ला कन्वेन्शन सेंटर, जयपुर।
- **सहयोग :** हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं के सहयोग से।
- 13 सितंबर, 2025 को बी.एम. बिड़ला कन्वेंशन सेंटर में B2B मीटिंग्स और एक्सपो का शुभारम्भ किया गया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस अवसर पर राजीविका के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लखपति दीदी पहल के तहत 6 विशेष स्टॉल उपलब्ध करवाए गए।
- प्रदर्शनी में दौसा, बाड़मेर एवं जयपुर जिले की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे चमड़े की जूतियाँ, ब्लॉक प्रिंट, लकड़ी के शिल्प, पेपर उत्पाद, कुशन कवर, एप्लिक आइटम तथा हैंड पर्स शामिल थे।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- वर्ष 2023-24 के आँकड़ों के अनुसार, राजस्थान घरेलू और विदेशी पर्यटकों की पसंद में पाँचवें स्थान पर है, जहाँ दोनों श्रेणियों में राज्य का हिस्सा 7 से 8 प्रतिशत है।

**राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP), 2024 :**

- **लॉन्च :** 4 दिसम्बर, 2024
- **उद्देश्य :** राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


# राजस्थान में मातृ मृत्य दर

## चर्चा में क्यों?

- **भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) सांख्यिकी रिपोर्ट, 2023 में देश और राज्यों के जन्म दर, मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर से जुड़े नवीनतम आँकड़े सामने आए हैं।**




| क्षेत्र | जन्म दर | मृत्यु दर | शिशु मृत्यु दर |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण | 23.9 | 6 | 31 |
| शहरी | 20.1 | 5.6 | 23 |
| कुल | 22.9 | 5.9 | 29 |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

- रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2022 में कुल मृत्यु दर 6.8 प्रतिशत प्रति हजार जनसंख्या थी, जो ग्रामीण क्षेत्रों में 7.2 और शहरी क्षेत्रों में 6.0 रही तथा वर्ष 2023 में इसमें गिरावट आई और कुल मृत्यु दर 6.4 रही जिसमे ग्रामीण क्षेत्रों की 6.8 और शहरी क्षेत्रों की 5.7 प्रतिशत रही।

**राजस्थान में मातृ मृत्य दर :**

| | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|
| मृत्यु दर | 6.2 प्रतिशत (ग्रामीण 6.3, शहरी 5.9 प्रतिशत) | 5.9 प्रतिशत (ग्रामीण 6.0, शहरी 5.6 प्रतिशत) |
| जन्म दर | 23.8 प्रतिशत (ग्रामीण 24.9, शहरी 20.8 प्रतिशत) | 22.9 प्रतिशत (ग्रामीण 23.9, शहरी 20.1 प्रतिशत) |
| शिशु मृत्यु दर | 30 प्रतिशत (ग्रामीण 31 और शहरी 24) | 29 प्रतिशत (ग्रामीण 31 और शहरी 23 प्रतिशत) |

- इस रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार 25.8 प्रतिशत की जन्म दर के साथ देश में सबसे आगे है इसके बाद उत्तर प्रदेश (23.6) और फिर राजस्थान (22.9) का स्थान है।
- **निष्कर्ष :** SRS रिपोर्ट, 2023 के अनुसार राजस्थान में जन्म दर राष्ट्रीय स्तर से ऊपर है और राज्य तीसरे स्थान पर है वही मृत्यु दर के मामले में राजस्थान बेहतर स्थिति में है, क्योंकि यहां राष्ट्रीय औसत से कम मौतें दर्ज हुई हैं, लेकिन शिशु मृत्यु दर अभी भी चिंता का विषय है, क्योंकि यह देश के औसत से अधिक है और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **देश का पहला सरकारी कॉस्मेटिक लेजर इंस्टीट्यूट**  ■ 7 करोड़ की लागत से देश का पहला और लंदन के बाद दूसरा सरकारी कॉस्मेटिक लेजर इंस्टीट्यूट (इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी), SMS अस्पताल, जयपुर में निर्मित किया गया। |
| 2. | **मोनिका** ■ इटली में होने वाली 'मिस/मिस्टर/मिसेज डेफ' इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। ■ राजपूताना डेफ आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी (RDACS) की सदस्य मोनिका ने हाल ही जालंधर में हुई 'मिस/मिस्टर/मिसेज डेफ' इंडिया प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया था।  |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन, 2025**<br>■ **आयोजन :** 4 से 6 अक्टूबर, 2025 को जैसलमेर में।<br>■ **आयोजक :** सीता ज्योतिष तथा वास्तु अनुसंधान केंद्र, जोधपुर और श्री कृष्ण ज्योतिष शोध संस्थान, जयपुर<br>**अन्य महत्त्वपूर्ण जानकारी:**<br>■ **11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस राज्य स्तरीय समारोह :** खुहड़ी सैंड ड्यून्स, जैसलमेर<br>■ **रातडिया री डेरी पुरास्थल :** जैसलमेर ।<br>■ **नेत्र कुंभ-2025 :** उद्घाटन – रामदेवरा।<br>■ **वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान का समापन :** गड़ीसर झील।<br>■ **डायनासोर अवशेष :** मेघा गांव, फतेहगढ़ तहसील, जैसलमेर।<br>■ **संत श्री सदाराम जी महाराज का पैनोरमा :** गुहड़ा गांव, जैसलमेर |
| 4. | **राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज**<br><br>■ कोटा के बाद राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज डूँगरपुर जिले के चिखली ग्राम पंचायत के बेडूआ में माही नदी पर संगमेश्वर- आनंदपुरी (बाँसवाड़ा) के मध्य निर्मित किया गया।<br>■ **नाम :** गोविंद गुरु ब्रिज<br>■ **लंबाई :** 1.9 किलोमीटर<br>■ **लागत :** 125 करोड़ |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 5. डिलिवरिंग इंस्टेंट जस्टिस पुस्तक



- **राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका के अध्यक्ष प्रेम भंडारी द्वारा राजस्थान हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा को पूर्व न्यायाधीश गणपत भंडारी द्वारा लिखित पुस्तकें भेंट की।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## कौशल महोत्सव, 2025

### चर्चा में क्यों?

- 11 सितंबर, 2025 को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने "कौशल महोत्सव - लखनऊ 2025" के तीसरे संस्करण की घोषणा की।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 16 से 17 सितंबर, 2025 तक कॉल्विन तालुकदार्स कॉलेज ग्राउंड, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।
- **उद्देश्य :** इस वर्ष का कौशल महोत्सव रोजगार सृजन के साथ 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों और संस्थाओं को एक साथ लाएगा, जो 20 से अधिक सेक्टरों में अवसर प्रदान करेंगी, जिनमें ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग- वित्तीय सेवाएं और बीमा (BFSI), स्वास्थ्य सेवा, एयरोस्पेस और ग्रीन जॉब्स शामिल हैं।
- **मंत्रालय :** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्पल फेस्ट, 2025

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (ISLRTC), नई दिल्ली ने एमिटी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (नोएडा) के सहयोग से पर्पल फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** 10 से 11 सितंबर, 2025
- उद्घाटन समारोह के दौरान, सुश्री गुरदीप कौर वासु को एक दिव्यांगजन के रूप में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और दृढ़ता के सम्मान में एक प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। वे मध्य प्रदेश के वाणिज्यिक कर विभाग में बहु-दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत सरकारी नौकरी पाने वाली पहली दिव्यांग भारतीय हैं।

### कार्यक्रम

- **कला एवं शिल्प प्रदर्शनी-** दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन।
- **उद्यमिता स्टॉल (22 स्टॉल)-** दिव्यांगजन उद्यमियों के लिए अवसर प्रदान करना।
- **सतत पुनर्वास शिक्षा (CRE) कार्यक्रम -** भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यावसायिक ज्ञान को सुदृढ़ बनाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

### रूस: कामचटका प्रायद्वीप: चर्चित स्थान

**चर्चा में क्यों?**

- **रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहाँ सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।**

**मुख्य बिन्दु:**

- **कामचटका प्रायद्वीप पूर्व में बेरिंग सागर और प्रशांत महासागर तथा पश्चिम में ओखोटस्क सागर के मध्य अवस्थित है।**
- **रूस के कामचटका में जो प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है, इस साल भूकंपीय गतिविधियों का केंद्र रहा।**







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भौगोलिक अवस्थिति

- **राजधानी:** मॉस्को
- रूस एशिया और यूरोप, दोनों महाद्वीपों में फैला हुआ है। क्षेत्रफल के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा देश है।
- **सीमावर्ती देश:** अज़रबैजान, बेलारूस, चीन, एस्टोनिया, फ़िनलैंड, जॉर्जिया, कज़ाख़िस्तान, उत्तर कोरिया, लातविया, लिथुआनिया, मंगोलिया, नॉर्वे, पोलैंड और यूक्रेन।

### भौगोलिक विशेषताएँ:

- **पर्वतमालाएँ:** यूराल, अल्ताई।
- **सबसे ऊँची चोटी:** गोरा एलब्रुस (यूरोप का सबसे ऊँचा स्थान)।
- **प्रमुख नदियाँ:** येनिसे-अंगारा, अमूर, इरतीश, लीना।।
- **प्रमुख झीलें:** बैकाल, लाडोगा, ओनेगा, कैस्पियन सागर आदि।
- साइबेरिया रूस के तीन-चौथाई हिस्से पर विस्तृत है। इस क्षेत्र में मुख्यत: टैगा वन पाए जाते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## बाघों के स्थानांतरण को मंजूरी


### चर्चा में क्यों?

- ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व और पेंच टाइगर रिजर्व से आठ बाघों (तीन नर एवं पांच मादा) को सह्याद्री टाइगर रिजर्व में स्थानांतरित किया जाएगा।

### मुख्य बिन्दु:

- इस पहल का उद्देश्य उत्तरी पश्चिमी घाट में बाघों की आबादी को फिर से बसाना है।
- मंत्रालय ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 12 के तहत स्थानांतरण को स्वीकृति दी है।
- इस अधिनियम के तहत, अनुसूची-I में शामिल जानवरों के स्थानांतरण के लिए केंद्र सरकार से और किसी अन्य वन्यजीव के लिए राज्य सरकार से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है।
- यदि सुरक्षा संबंधी दुर्घटना होती है, तो MoEFCC के पास इस अनुमति को रद्द करने का अधिकार है।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने पहले ही इस स्थानांतरण को मंजूरी दे दी थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR




## सह्याद्री टाइगर रिजर्व:

- **स्थापना :** इसकी स्थापना 2010 में चांदोली राष्ट्रीय उद्यान और कोयना वन्यजीव अभयारण्य को मिलाकर की गई थी।
- **स्थान:** यह महाराष्ट्र में पश्चिमी घाट की सह्याद्री पर्वतमाला में स्थित है। यह पश्चिमी घाट में बाघों का सबसे उत्तरी पर्यावास क्षेत्र है।
- यहाँ कोयना नदी का "शिवसागर" जलाशय और वारणा नदी का "वसंत सागर" जलाशय स्थित है।
- **वनस्पति:** नम पर्णपाती वन। अंजनी, जांभूल, पिसा आदि वृक्ष।
- **जीव जगत:** यहाँ जंगली कुत्ते, तेंदुए, गौर (इंडियन बाइसन), सांभर, चौसिंगा, माउस डियर, विशाल गिलहरी, भारतीय लंबी चोंच वाला गिद्ध, स्थानिक हॉर्नबिल और इंडियन रिवर टर्न आदि।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत की गैर-जीवाश्म क्षमता

## चर्चा में क्यों?

- सितंबर, 2025 तक केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार भारत की गैर-जीवाश्म क्षमता 251.5 गीगावाट हो गई हैं।
- यह उपलब्धि भारत को स्वच्छ ऊर्जा क्षमता वाले शीर्ष देशों में शामिल करती है और पेरिस समझौते के तहत तय वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य की ओर महत्त्वपूर्ण प्रगति को प्रदर्शित करती है।




## मुख्य बिन्दु:

| भारत के लक्ष्य : लक्ष्य | वर्ष |
|---|---|
| स्वदेशी सौर सेल निर्माण का लक्ष्य | वर्ष 2028 |
| 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता का लक्ष्य | वर्ष 2030 |
| 1,800 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता का लक्ष्य | वर्ष 2047 |
| 5,000 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता का लक्ष्य | वर्ष 2047 |
| नेट जीरो उत्सर्जन अर्जित करने का लक्ष्य | वर्ष 2070 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और सेवाओं पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई हैं, जिससे सौर, पवन, बायोगैस और अपशिष्ट-से-ऊर्जा प्रणालियाँ और अधिक किफायती हो जाएंगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति :** लगभग 20 लाख परिवार पहले ही प्रधानमंत्री सूर्य घर नि:शुल्क बिजली योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

शुरुआत : फरवरी, 2024

अवधि : वित्त वर्ष 2026-27 तक।


कार्यान्वयन : राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA) और राज्य स्तर पर राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA) द्वारा।

लक्ष्य : प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को रोशन करना।



UTKARSH उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना की प्रगति : मार्च, 2026 में वर्तमान चरण समाप्त होने के बाद पीएम-कुसुम का दूसरा चरण आरंभ किया जाएगा।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## 'ज्ञान भारतम पोर्टल'

### चर्चा में क्यों?

- प्रधान मंत्री ने पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारतम पोर्टल' लॉन्च किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- यह पोर्टल भारत की पांडुलिपि विरासत को डिजिटल बनाने में मदद करेगा।
- केंद्रीय बजट 2025-26 में ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य भारत की पांडुलिपि विरासत का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण और संरक्षण करना है।

**पांडुलिपि (Manuscript):**

- ये कम-से-कम 75 साल पुरानी कागज, वृक्ष की छाल, कपड़ा, धातु, ताड़पत्र या किसी अन्य सामग्री पर हस्तलिखित रचनाएं होती हैं। इनका वैज्ञानिक, ऐतिहासिक या कलात्मक महत्त्व होता है।
- लिथोग्राफ और मुद्रित ग्रंथ पांडुलिपियाँ नहीं माने जाते हैं। लिथोग्राफ एक तकनीक है, जिसमें पत्थर पर चित्र, अक्षर आदि उकेर कर उसे कागज पर छापा जाता है।

**पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए अन्य पहलें**

- **राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM):** इसे 2003 में पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय द्वारा पांडुलिपियों का पता लगाने तथा उन्हें संरक्षित करने के लिए शुरू किया गया था।
- **भारतीय राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता:** यहाँ लगभग 3600 ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पांडुलिपियां संरक्षित हैं।
- **एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल:** इसे वर्ष 1784 में सर विलियम जोन्स द्वारा स्थापित किया गया था। अब यह प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण का कार्य करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **बैराबी-सैरांग रेल लिंक**<br>■ प्रधान मंत्री ने बैराबी-सैरांग लिंक का उद्घाटन किया, जो मिजोरम की राजधानी आइजोल को पहली बार भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ता है।<br> |
| 2. | **न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन**<br>■ न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प के पक्ष में वोट दिया है। यह डिक्लेरेशन फिलिस्तीन समस्या के शांतिपूर्ण समाधान और दो-राष्ट्र समाधान (Two-state solution) के कार्यान्वयन का समर्थन करता है। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | **न्यूयॉर्क डिक्लेरेशन के बारे में**<br>■ इस डिक्लेरेशन में गाजा में तत्काल युद्ध-विराम की मांग की गई है तथा एक स्वतंत्र, संप्रभु और आर्थिक रूप से सक्षम फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना की बात कही गई है।<br>■ इसमें हमास का निरस्त्रीकरण और ग़ाज़ा की शासन-व्यवस्था से अलग होना, इजरायल और अरब देशों के बीच संबंधों का सामान्यीकरण तथा सामूहिक सुरक्षा की गारंटी शामिल हैं। |
| 3. | **एम-किसान (m-Kisan)**<br>■ एम-किसान का लाभ 13 राज्यों के लगभग 3.7 करोड़ किसानों को मिल रहा है।<br>**एम-किसान के बारे में**<br>■ यह SMS पोर्टल है। यह केंद्र और राज्य सरकार के सभी कृषि और संबंधित विभागों द्वारा किसानों को उनकी भाषा में कृषि पद्धतियों, सेवाओं और सलाह SMS के माध्यम से पहुँचाने में सक्षम बनाता है।<br>■ **मंत्रालय:** केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (MoAFW)। |
| 4. | **भारतीय तटरक्षक बल**<br>■ भारत ने रोम में आयोजित चौथे 'वैश्विक तटरक्षक बल शिखर सम्मेलन (Coast Guard Global Summit)' में भाग लिया। इस सम्मेलन में भारत ने 2027 में इसके अगले संस्करण की मेजबानी करने का प्रस्ताव भी रखा।<br>**भारतीय तटरक्षक बल:**<br>■ **स्थापना:** 1977 में<br>■ **मंत्रालय:** रक्षा मंत्रालय<br>■ **आदर्श वाक्य:** "वयं रक्षामः" |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR